सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-262, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 02 अप्रैल, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## SCHOOLING + COMPETITION @ MOTION ACADEMY

(Board, NTSE & Olympiad) (IIT-JEE & NEET, AIIMS) (Quality Education with Affordable Fees)

आईआईटी-जेईई व नीट परीक्षा में सर्वाधिक सलैक्शन व टॉप रैंक सिर्फ मोशन अकेडमी से




HELPLINE : 9719905151

**210** Selections in JEE-Advanced in Last 6 Years

**280** Selections in NEET EXAM in Last 6 Years

**357** Selections in JEE-Main in Last 6 Years

## ADMISSION OPEN
### UP TO 90% SCHOLARSHIP

**FOUNDATION COURSE**
(For 10th to 11th Moving Student)

**TARGET COURSE**
(For 12th Pass Student)

(Batch Starts From 07 & 14 April 2025)

**MOTION ACADEMY**®
IIT-JEE | Foundations | NEET

**AGRA M.G. ROAD BRANCH**
Behind Tanishq Jewellers, Opp. Anjana Cinema, Near Dr. R.S. Gill, M.G Road, Agra Ph: 9719705151

**TAJ NAGARI BRANCH**
Nehru Enclave Chauraha, 100 Futa Road, Opposite SBI Bank & Church, Near Public Welfare Hospital, Taj Nagari, Indra-Puram, Rajpur Agra, Ph: 9997263131

(Hostel & Bus Transport Facility Available)

# गुजरात पटाखा फैक्ट्री हादसा

# बॉयलर विस्फोट में 21 की मौत

**बनासकांठा।** गुजरात के डीसा में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण बॉयलर विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। इस हादसे में मध्य प्रदेश के 21 मजदूरों की जान चली गई, जिनमें ज्यादातर हरदा जिले के हंडिया और देवास जिले के संदलपुर गांव के निवासी थे।

तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि पांच को मामूली चोटें आई हैं। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका से मरने वालों की संख्या बढ़ने का डर बना हुआ है। यह हादसा न केवल एक त्रासदी है, बल्कि मजदूरों की सुरक्षा और फैक्ट्री मालिकों की लापरवाही पर सवाल भी खड़े करता है।

हादसा उस वक्त हुआ, जब मजदूर फैक्ट्री में पटाखे बनाने के काम में जुटे थे। सुबह का शांत माहौल अचानक एक जोरदार धमाके से टूट गया। बॉयलर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर तक सुनाई दी। विस्फोट इतना भीषण था कि फैक्ट्री की छत और दीवारें ढह गईं, और कई मजदूर मलबे में दब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाके के बाद आग की लपटें और काला धुआं



आसमान में छा गया। सबसे दर्दनाक मंजर तब सामने आया, जब मजदूरों के शरीर के टुकड़े फैक्ट्री के पीछे खेतों में 50 मीटर तक बिखरे मिले। एक स्थानीय किसान ने बताया, मैं खेत में काम कर रहा था, तभी कुछ अजीब चीजें गिरीं। पास जाकर देखा तो वे मानव अंग थे।

**दो दिन पहले आए थे सपनों के पीछे**

मरने वाले सभी मजदूर हरदा और देवास के गरीब परिवारों से थे, जो रोजी-रोटी की तलाश में दो दिन पहले ही गुजरात पहुंचे थे। इनमें राकेशभाई नायक, उनकी पत्नी दलिबेन और बेटी किरेनबेन भी शामिल थे। इसी तरह लखनभाई गंगारामभाई नायक अपने पूरे परिवार के साथ इस हादसे का शिकार बने। ये लोग फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने बच्चों का भविष्य संवारने का सपना देख रहे थे, लेकिन एक पल में सब कुछ खत्म हो गया। हंडिया गांव में राकेशभाई के घर पर कोहराम मचा है। उनकी मां ने रोते हुए कहा, वो बोला था कि इस बार अच्छी कमाई करके आएगा, लेकिन अब उसकी लाश भी पूरी नहीं बची।

**आग पर काबू पाने में लगे 6 घंटे**

विस्फोट के बाद फैक्ट्री में लगी आग इतनी भयानक थी कि फायर ब्रिगेड को इसे बुझाने में 5 से 6 घंटे लग गए। दमकल की दर्जनों गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक बहुत कुछ जलकर खाक हो चुका था। मलबे से मजदूरों को निकालने के लिए राहत और बचाव दल दिनभर जुटा रहा। डीसा की एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया, घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन लोग 40 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गए हैं और उनकी हालत नाजुक है। पांच अन्य को मामूली चोटें हैं। उन्होंने कहा कि मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका है, जिसके चलते रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

**एमपी हरदा-देवास में मातम, गांवों का टूटा सहारा**

हादसे की खबर जैसे ही हरदा और देवास के गांवों में पहुंची, वहां मातम छा गया। हंडिया के सुरेशभाई नायक के घर पर उनकी पत्नी और बच्चे बेसुध पड़े हैं। गांव के सरपंच ने बताया, ये लोग मेहनत-मजदूरी के लिए गए थे। अब उनके परिवार का क्या होगा? संदलपुर में भी लखनभाई के घर पर रोना-पीटना मचा हुआ है। उनकी 13 साल की बेटी लखन नी मोती बेन भी इस हादसे में मारी गई। गांव वाले सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक सिर्फ जांच और आश्वासनों की बातें सामने आई हैं।

# बांग्लादेश में इस्लामी सरकार और शरिया कट्टरपंथी जुटे



**ढाका।** अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद पूर्व पीएम शेख हसीना को बांग्लादेश की सत्ता से बेदखल करने में मदद करने वाले इस्लामी कट्टरपंथी अब अपने असली मकसद पर लौट आए हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की अनदेखी के बीच इस्लामी कट्टरपंथी फिर से सक्रिय हो गए हैं। इन पर हसीना सरकार ने प्रतिबंध लगाए थे। वे बांग्लादेश को अधिक कट्टरपंथी दिशा में धकेलने के काम में जुट गए हैं। एक शहर में धार्मिक कट्टरपंथियों ने घोषणा की कि युवा महिलाएं अब फुटबॉल नहीं खेल सकतीं। दूसरे शहर में, उन्होंने पुलिस को एक ऐसे व्यक्ति को छोड़ने के लिए मजबूर किया जिसने सार्वजनिक रूप से अपने बाल न ढकने के कारण एक महिला को परेशान किया था, फिर उसे फूलों की माला पहनाई।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक रैली में कट्टरपंथी प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस्लाम का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत की सजा नहीं देती है, तो वे अपने हाथों से उसे मौत की सजा देंगे। नए संविधान का मसौदा तैयार कर रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के अधिकारियों ने माना कि इस दस्तावेज में बांग्लादेश की परिभाषित विशेषता के रूप में धर्मनिरपेक्षता को समाप्त कर दिया जाएगा।

# कुणाल कामरा को तीसरा समन, 5 अप्रैल को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को 2 समन भेज चुकी है।

इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी।

इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड। कामरा ने लिखा- आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं।

कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में हैं। कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था। इसके खिलाफ मुंबई के खार थाने में एफआईआर दर्ज की है। इसी केस में पुलिस ने उन्हें तीसरा समन भेजा है। इससे पहले 31 मार्च को मुंबई पुलिस कामरा के शिवाजी पार्क स्थित घर पहुंची थी।

# लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूटा

**बंगलोर।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया- चोरी का मुख्य आरोपी विजयकुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। उसने अगस्त 2023 में स्टेट बैंक में 15 लाख रुपए के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लिकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपए का सोना लूटा।

पुलिस ने कहा- आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा

**मनी हाइस्ट सीरीज से आया आइडिया फिर यूट्यूब वीडियो देखकर बनाया प्लान; 6 आरोपी गिरफ्तार**

सीरीज 'मनी हाइस्ट' से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6-9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रु और मंजूनाथ की भी मदद ली। पुलिस ने फिलहाल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बैंक चोरी का बनाया सटीक प्लान, कई बार प्रैक्टिस की पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार ने बैंक लूटने से पहले अपने 5 साथियों के साथ मिलकर कई महीने प्लानिंग की। विजयकुमार और चंद्रू ने कई बार बैंक की रेकी की। उन्होंने रात को सुनसान खेतों से बैंक तक जाने की मॉक ड्रिल की ताकि पुलिस और आम लोगों की मूवमेंट का अंदाजा ना हो सके।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# अमेरिका आज से लगाएगा 'जैसे को तैसा टैरिफ'

## मेक अमेरिका वेल्दी अगेन इवेंट में ट्रम्प घोषणा करेंगे, भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की थी घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आज बुधवार को दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की घोषणा करेंगे। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा- ट्रम्प बुधवार को शाम 4 बजे (स्थानीय समय) रोज गार्डन में मेक अमेरिका वेल्दी अगेन इवेंट में भाषण देंगे। इसी इवेंट में रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर घोषणा होगी। व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा- घोषणा होने के तुरंत बाद ही टैरिफ लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने कई मौकों पर 2 अप्रैल को



अमेरिका का मुक्ति दिवस यानी लिबरेशन डे बताया है। वे इस दिन भारत समेत कई अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने जा रहे हैं।

कैरोलिन लेविट मंगलवार को मीडिया से कहा- ट्रम्प बुधवार को लागू करने वाले टैरिफ के लेवल पर निर्णय ले चुके हैं। मैं राष्ट्रपति से आगे नहीं जाना चाहती। यह एक बहुत बड़ा दिन है। वह अभी अपने बिजनेस और टैरिफ टीम के साथ हैं। इसे बेहतर बना रहे हैं, ताकि यह अमेरिकी जनता और वर्कर्स के लिए एक परफेक्ट डील बने। आप 24 घंटे में इस बारे में जान जाएंगे।

दरअसल, टैरिफ एक तरह का बॉर्डर फीस या टैक्स होता है, जो कोई भी देश विदेशों से अपने यहां आने वाले सामान पर लगाता है। यह टैक्स आयात करने वाली कंपनी पर लगाया जाता है। इसे घटा-बढ़ाकर ही देश आपस में व्यापार को कंट्रोल करते हैं।

ट्रम्प ने कहा था- 2 अप्रैल से भारत पर 100% टैरिफ लगाएंगे अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में ट्रम्प ने कहा था- भारत हमसे 100% से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। उन्होंने ऐलान किया कि उनके प्रशासन के तहत, अगर कोई कंपनी अमेरिका में अपना प्रोडक्ट नहीं बनाएगी, तो उसे टैरिफ देना होगा। कुछ मामलों में, यह टैरिफ बहुत बड़ा होगा। उन्होंने कहा कि दूसरे देश अमेरिका पर भारी टैक्स और टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका उन पर बहुत कम लगाता है। यह बहुत अन्यायपूर्ण है। दूसरे देश दशकों से हम पर टैरिफ लगाते आ रहे हैं, अब हमारी बारी है।

सत्यता और
निष्पक्षता के साथ
नई बुलंदियों पर

हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

बुधवार, 02 अप्रैल, 2025 www.nnindianews.com



# लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश

## रिजीजू बोले- यूपीए ने 123 प्रॉपर्टी वक्फ को दीं, विपक्ष का जमकर हंगामा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश किया गया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू प्रश्नकाल के बाद दोपहर इसे सदन में चर्चा के लिए पेश किया। स्पीकर ओम बिरला ने बिल पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय तय किया है। इसमें से एनडीए को 4 घंटे 40 मिनट दिए गए हैं, बाकी वक्त विपक्ष को मिला है।

चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड ने बिल को समर्थन देने की घोषणा की है। दोनों पार्टियों ने अपने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप भी जारी किया है। दूसरी तरफ विपक्ष बिल के विरोध में है। मामले में तमिलनाडु की AIADMK, नवीन पटनायक की बीजू जनता दल और के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति जैसी न्यूट्रल पार्टियां भी विपक्ष के साथ हैं। बीते दिन इंडिया ब्लॉक के दलों ने संसद भवन में बैठक करके बिल पर अपनी रणनीति को लेकर चर्चा की।

विपक्ष ने चर्चा का समय बढ़ाकर 12 घंटे करने की मांग भी की है। किरेन रिजिजू ने कहा है कि चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। देश भी जानना चाहता है कि किस पार्टी का क्या स्टैंड है। इस बीच, यूपी में पुलिस की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। भोपाल में मुस्लिम महिलाएं बिल के समर्थन में उतरीं और पीएम नरेंद्र मोदी का शुक्रिया जताया।

किरेन रिजिजू ने कहा कि 2013 में इलेक्शन में कुछ ही दिन बचे थे। 5 मार्च 2014 को 123 प्राइम प्रॉपर्टी को दिल्ली वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दीं। चुनाव में कुछ दिन चुनाव में बाकी थे, आप इंतजार करते। आपने सोचा कि वोट मिलेंगे, लेकिन आप चुनाव हार गए। आपने कहा था कि कोई भी भारतीय वक्फ क्रिएट कर सकता है। इस बात को हमने फिर से रिवाइव कर दिया है कि वक्फ वही क्लेम कर सकता है, जो कम से कम 5 साल इस्लाम धर्म को मानता है।

### बिल पेश करने के पहले कांग्रेस ने आपत्ति उठाई, स्पीकर बोले- सबको बराबर समय दिया

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- इस बिल में संशोधन मेंबर्स से भी लिए जाने चाहिए थे। उनसे पूछा जाना था। संशोधन के लिए वक्त दिया जाना चाहिए था। वक्त मिला ही नहीं। इस सदन में कभी ऐसा कभी हुआ। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- मैंने जितना समय गैर-सरकारी संशोधनों को दिया है, उतना ही गैर सरकारी संशोधनों को दिया। दोनों में कोई अंतर नहीं किया गया।

## राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली रेफर



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ गई है। डॉक्टरों ने उन्हें फौरन दिल्ली जाने की सलाह दी है। वह दो बजे एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना हो सकते हैं। राजद सूत्रों की मानें तो लालू प्रसाद के ब्लड शुगर के स्तर में वृद्धि के कारण उनकी स्वास्थ्य स्थिति और गंभीर हो गई है। शुगर लेवल बढ़ने के कारण तकलीफ काफी बढ़ गई है। हालांकि, उनकी तबीयत पिछले दो दिन से खराब है। लेकिन, आज सुबह से उनकी तबियत में और भी गिरावट आई। पटना में चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली जाने की सलाह दी है।

राजद सूत्र बता रहे हैं कि राजद सुप्रीमो को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया जाएगा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जाएगा। वहीं लालू प्रसाद जल्दी स्वस्थ हो जाएं, इसको लेकर उनके समर्थक लगातार दुआ मांग रहे।

## पाकिस्तानी सेना का दुस्साहसः एलओसी पार कर घुसपैठ की कोशिश की, फायरिंग भी की



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर से बड़ी खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां के पुंछ इलाके में पाकिस्तान सेना ने घुसपैठ करने की कोशिश की है। भारत की ओर से पड़ोसियों के इस दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। एक अप्रैल को कृष्णा घाटी इलाके में पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ की वजह से एक लैंड माइन में विस्फोट हुआ। इसके बाद पाकिस्तानी सेना की ओर से जबरदस्त गोलीबारी की गई। उनकी ओर से लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई की ओर हालात पर काबू पाया। फिलहाल स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है। रक्षा प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन 1.10 बजे किया गया। तत्काल ही भारतीय सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित जवाबी कार्रवाई की।



# करंट प्रवाहित 450 मी. भूमिगत केबल चोरी

एनएनआई

**एत्मादपुर।** नगर में बुढ़िया का ताल स्थित ट्रांसमिशन विभाग के विद्युत उप केंद्र (उत्पादन) से स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र (वितरण) को आने वाली मुख्य लाइन की भूमिगत केबल को करंट प्रवाहित होने के बावजूद बीती रात शातिर चोर गिरोह ने ब्रेक डाउन कर काट डाला। राष्ट्रीय राजमार्ग से आगरा-टूंडला रेलवे ट्रैक के बीच भूमिगत विद्युत लाइन की साढ़े चार सौ मीटर केबल को अज्ञात चोर टुकड़ों में काट कर ले गए। केबल चोरों के इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने के परिणाम स्वरूप उप केंद्र से पोषित संपूर्ण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। नवरात्रों में बीते दस घंटे से आम जनता के साथ देवी भक्त बूंद-बूंद पानी को तरस गए हैं। वारदात का पता चलने के बाद बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की टीम क्षतिग्रस्त भूमिगत केबल लाइन के मरम्मत कार्य में लगातार जुटी हुई है।



बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार राजपूत और अवर अभियंता गगन गुप्ता ने बताया कि बीती रात्रि 1:30 बजे अज्ञात लोगों द्वारा बुढ़िया का ताल स्थित हनुमान मंदिर के सामने आगरा-टूंडला रेलवे ट्रैक के बीच एत्मादपुर उपकेंद्र की मुख्य भूमिगत लाइन की 450 मीटर केबल काटकर ले जाने से आपूर्ति बाधित हुई है। विभागीय कर्मचारियों की टीम क्षतिग्रस्त केबल लाइन को दुरुस्त करने के लिए नई केबल डालने के कार्य में निरंतर लगी हुई है। प्रभावित क्षेत्र की आपूर्ति जल्द से जल्द सुचारू करने के अथक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केबल चोरी होने के संबंध में पुलिस को जानकारी दे दी गई है। इधर बिजली आपूर्ति बाधित होने पर नवरात्रों के चौथे दिन पंचमी को देवी भक्त श्रद्धालु पानी की अव्यवस्था उत्पन्न होने पर परेशान हो गए। उन्हें न स्नान को पानी मिला और न देवी के अभिषेक पूजन के लिए। बीते दस घंटे से प्रभावित क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नगर पालिका परिषद की जलापूर्ति संतृप्त क्षेत्र में फिर भी कुछ राहत रही। लेकिन पानी की पाइप लाइन के अभावग्रस्त मोहल्लों की जनता बेहद परेशानी झेल रही है।

# नवरात्र के पहले दिन से बेसुराग बालिका

- घटना को चुनौती मान हर बिंदु को लेकर कर रही जांच पड़ताल
- बाजार से गलियों तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, पोस्टर किए चस्पा



एनएनआई

**एत्मादपुर।** नगर पालिका परिषद के सात दिवसीय प्राचीन कंस मेला के दौरान लापता हुई नौ वर्षीय बच्ची नंदनी राठौर का चार दिन बाद भी सुराग नहीं मिला है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल करते हुए लगातार गंभीरता से बच्ची की खोजबीन करने में जुटी है। नगर के गली-मोहल्लों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के संरक्षण में आयोजित प्राचीन कंस मेला निर्विघ्न संपन्न हो चुका है। लेकिन यहां चाय की दुकान करने वाले रामू राठौर की बेटी नंदनी (9 वर्ष) चार दिन पूर्व घर के बाहर से लापता हो गई। नवरात्र के पहले दिन दोपहर से उसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। बच्ची के गायब होने की सूचना के बाद से पुलिस अतिरिक्त सजगता से जांच पड़ताल में जुटी हुई है। घर के आस-पास और गलियों तक के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह स्वयं मामले की गहनता से तहकीकात कर रहे हैं। लापता बच्ची के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर कमिश्नरेट के थानों के साथ फिरोजाबाद जनपद के थानों में भी बच्ची के फोटो युक्त पंपलेट चस्पा कराए गए हैं। पुलिस और परिजनों ने बताया कि चार फीट कद व गेहूंआ रंग की बच्ची नंदनी हरे रंग की टी-शर्ट, लाल रंग की पजामी पहने है। कंस मेला में लगे मिक्की माउस झूले से गिरने के कारण उसके चेहरे पर ताजा चोट का निशान और सूजन भी है।

## शराब ठेके की हटाने को लेकर जनता ने लगाया सड़क पर जाम



**आगरा** एनएनआई । कहने को तो शासन की नीति के अनुसार मंदिर व स्कूल से 500 मीटर की दूरी तक किसी भी तरह की शराब की दूकानों को नहीं खोला जा सकता परन्तु ताजनगरी में कई जगह योगी सरकार के फरमान को नजर अंदाज कर जम कर कई वर्षों से मन्दिर व स्कूल के पास शराब की दुकानें चल रही है। अब इसे आबकारी विभाग की लापरवाही कहे या कुछ और। ऐसा ही एक मामला आज वार्ड 86 के मोतीलाल नेहरू रोड पर देखने को मिला जहां जनता के साथ खुद वार्ड 86 के पार्षद ऋषभ गुप्ता को सड़क पर उत्तरना पड़ा। दरअसल विदेशी शराब, देसी शराब व बियर की दुकान को मंदिर एवं विद्यालय परिसर के सामने अवैध रूप से चलाई जाने के संबंध में कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पार्षद ऋश्वभ गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्रीय निवासी सड़क पर उतर आए और जाम लगा कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## पुलिस में नौकरी लगवाने का दिया झांसा, युवक से ठगो 4.50 लाख रुपये

एनएनआई

**आगरा।** एक युवक से पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर 4.50 लाख रुपये ठग लिए गए। इतना ही नहीं आरोपी ने फर्जी परिचयपत्र भी बनाकर दे दिया।

पुलिस में नौकरी लगवाने का लालच देकर एक युवक ने सफाई कर्मचारी से 4.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। परिचयपत्र भी बनाकर दे दिया। पुलिस लाइन में दिखाने पर धोखाधड़ी के बारे में जानकारी हुई। अदालत के आदेश पर थाना ताजगंज में केस दर्ज किया गया है। ताजगंज थाना क्षेत्र के करभना धांधूपुरा निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी होटल में साफ-सफाई का काम करते हैं। 2 मार्च 2021 को पड़ोसी रमाशंकर ने उनसे कहा कि उसकी पुलिस के बड़े-बड़े अधिकारियों से जान पहचान है। वह नौकरी भी लगवा देगा। उन्होंने पड़ोसी होने के नाते भरोसा कर लिया। आरोपी के खाते में 70 हजार रुपये जमा करा दिए। कई दिनों तक कुछ नहीं हुआ तो उन्होंने आरोपी से पूछा था।

# अब कैफे में 9 आईपीएल सट्टेबाज पकड़े गए

एनएनआई

**आगरा।** आगरा में संचालित कैफे, होम स्टे और रूफटॉप में नशाखोरी से लेकर देह व्यापार जैसे घिनौने काम भी हो रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस की इन पर नजर नहीं है।

आगरा में चल रहे कैफे, रूफटॉप रेस्टोरेंट में सट्टेबाजी, जुआ और देह व्यापार तक कराया जा रहा है। हुक्का बार चल रहे हैं। नशे की पार्टियां अरेंज की जा रही हैं। इनमें से कई कैफे और रेस्टोरेंट बिना लाइसेंस के संचालित किए जा रहे हैं। हाल में



प्रकाश में आई घटनाओं के बाद भी पुलिस कैफे और रेस्टोरेंट की निगरानी नहीं कर रही है।

**क्रिकेट के सटोरियों को भेजा जेल**

मारुति एस्टेट रोड पर क्लब स्क्वॉयर 8 कैफे में पकड़े गए आईपीएल सट्टेबाजों के विरुद्ध जुआ अधिनियम का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि कैफे की जांच की जा रही है। यहां पिछले एक माह से क्रिकेट पर सट्टा चल रहा था। नाई की मंडी के आरोपी यहां महफिल जमाते थे। इनमें संचालक की मिलीभगत थी। हुक्का बार भी अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। फतेहाबाद रोड, ताजगंज, ताजनगरी में चल रहे कैफे, होम स्टे, रूफटॉप रेस्टोरेंट सट्टेबाजी, जुआ, हुक्का बार और देह व्यापार जैसी गतिविधियां हो रही हैं। पुलिस ने हुक्का बार के खिलाफ चलाए अभियान में मालीक्यूल सहित कई रूफटॉप रेस्टोरेंट में हुक्का बार संचालित होते हुए पकड़े थे।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

# सपा सांसद के पक्ष में उतरे दलित संगठन, करणी सेना को दी चुनौती

एनएनआई

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर करणी सेना के हमले के मामले में शहर के दलित संगठन सांसद के समर्थन में आ गए हैं। संगठनों ने करणी सेना के 12 अप्रैल के लिए दी जा रही चेतावनी पर एलान किया है कि जिसको आगरा आना है, आ जाए, इस बार इतिहास पढ़ाकर वापस भेजेंगे।

**सांसद सुमन का किया समर्थन**

मंगलवार को डॉ. आंबेडकर अनुयायी एकता फाउंडेशन के



पदाधिकारियों ने बुद्ध विहार गेस्ट हाउस पर वार्ता में सांसद सुमन का समर्थन किया है। अध्यक्ष आशीष प्रिंस ने कहा कि करणी सेना ने यह हमला दलित सांसद पर नहीं किया, बल्कि हर दलित परिवार पर किया है। सांसद सुमन ने संसद में वही कहा जो इतिहास में लिखा हुआ है।

**12 अप्रैल की चुनौती की स्वीकार**

फाउंडेशन के एसबी दिनकर, बलविंदर जाटव ने चेतावनी दी कि 12 अप्रैल को करणी सेना या कोई भी आना चाहता है तो आ जाएं। इस बार पूरा इतिहास पढ़ाकर ही वापस भेजेंगे। देश संविधान से चलेगा, न कि करणी सेना की मनमानी से। यह दलितों को दबाने की साजिश है। राणा सांगा के नाम पर माहौल खराब किया जा रहा है। मौके पर चौधरी रामगोपाल, राहुल वरुण, राहुल राज, मनीष वरुण, रोहित कैमकर, कल्याण बाबू, गौरव कुमार, करन जरारी आदि मौजूद रहे।

**ओकेंद्र राणा को गिरफ्तार नहीं कर पाई पुलिस**

ओकेंद्र राणा सोशल मीडिया पर है मगर कमिश्नरेट की पुलिस की रडार के बाहर है। दो केसों में एक भी गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। उधर, क्षत्रिय संगठनों ने 12 अप्रैल को आगरा कूच करने का आह्वान करके पुलिस का सिरदर्द बढ़ा दिया है इस संबंध में डीसीपी सिटी सोनम कुमार का कहना है कि टीमें गठित हैं। कई बार दबिश दी जा चुकी हैं। जल्द ही नतीजा सामने आएगा।

# ताबड़तोड़ एनकाउंटर

## मथुरा में पुलिस की गोली लगने से आठ बदमाश घायल
## लूटपाट-डकैती जैसी वारदातों में थे शामिल



एनएनआई

**मथुरा।** लूट और चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले छह बदमाशों को एसओजी और जमुनापार पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान टांग में गोली लगने से आरोपी घायल हो गए। बीते 5 माह में आरोपी 12 लाख रुपये की लूट समेत कई वारदात कर चुके हैं।

पांच माह पहले आरोपियों ने यमुना एक्सप्रेसवे पर 105 माइल स्टोन के रेडिएंट कैश कंपनी के कर्मी से 12.15 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं 24 जनवरी को बलदेव रोड पर पेट्रोल पंप कर्मी से 7 हजार रुपये की लूट और 27 मार्च की रात को औरंगाबाद में व्यापारी से करीब 33 हजार रुपये लूट की वारदात को अंजाम दिया था। एसपी सिटी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस और एसओजी टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। सोमवार देर रात वृंदावन कट से आगे अल्लेपुर अंडररपास के पास आरोपियों के छिपे होने की सूचना मिली। टीम ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने भागने की कोशिश में फायर किया। जवाबी फायरिंग कर छह आरोपियों को दबोच लिया। सभी आरोपियों की टांग में गोली लगी है। पुलिस ने उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

आरोपियों ने अपने नाम व पते महावन के नगला महाराज निवासी धमेंद्र यादव उर्फ देवा और गांव आनंद गढी निवासी मोनू नट, रिफाइनरी के करनावल निवासी वीपेश यादव उर्फ वीपी, धर्मेंद्र यादव उर्फ रसिया, देव ठाकुर और पंकज यादव बताए हैं। आरोपियों के कब्जे से 3.13 लाख रुपये, 6 तमंचे व कारतूस और तीन बाइक समेत अन्य सामग्री जब्त की गईं हैं। संवाद

**मुठभेड़ में चोर की टांग में लगी गोली, घायल**

महावन पुलिस टीम द्वारा सोमवार रात निमार्णाधीन बरेली-जयपुर राजमार्ग के सर्विस रोड के पास जगदीश पुर रोड़ पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। रुकने का इशारा किया जिस पर युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस से मुठभेड़ में युवक की टांग में गोली लगने से वह घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम थाना जमुनापार के अलीपुर निवासी विष्णु उर्फ ठेका बताया। घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए युवक के पास से पिछले माह गांव हबीबपुर में चोरी किए गए रुपये व जेवरात बरामद किए गए। वहीं लूट का मोबाइल फोन, एक बाइक, तमंचा व कारतूस जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। क्षेत्राधिकार महावन धर्मेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि घायल को अस्पताल भेजा गया है।

**बरसाना पुलिस की भी हुई मुठभेड़**

गोवर्धन-बरसाना रोड पर चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ साहब सिंह पुत्र दौलत निवासी खोटपुरी थाना कामां राजस्थान को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने नगला जरैला से कमई की ओर जाने वाले मार्ग पर बन्द पड़े भट्टे पर घेराबंदी की। यहां से पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पांच हजार रुपये के इनामी हरिओम पुत्र जगदीश को दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान हरिओम के दोनों पैर में गोली लगी है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# हाथरस में मुठभेड़ में बदमाश के लगी गोली

## 3 किलो चांदी और अवैध हथियार बरामद

एनएनआई

**हाथरस।** पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर चांदी लूट का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटी हुई चांदी और अवैध हथियार बरामद किए हैं। घटना 27 मार्च की है, जब ईश्वरी प्रसाद अपने साथी राकेश कुमार के साथ आगरा से आभूषण बनाने के लिए 5 किलो चांदी खरीदकर लौट रहे थे। देवो रिसॉर्ट के पास मई रोड पर बदमाशों ने उनसे चांदी से भरा थैला लूट लिया था।

पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर तीन टीमों का गठन किया गया। 2 अप्रैल को सरौठ बम्बा श्रीनगर की पुलिया के पास थाना सादाबाद पुलिस और स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली। चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में दो बदमाश कन्हैया और चंदू उर्फ चंद्रकांत घायल हुए।

पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों को अस्पताल भेजा। उनके पास से 3 किलो लूटी हुई चांदी, 3 अवैध तमंचे, 2 खोखा कारतूस, 3 जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने 28 मार्च को देवी रिसॉर्ट के पास लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कन्हैया पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी तसींगा सादाबाद हाथरस और चंदू उर्फ चंद्रकांत पुत्र मान सिंह निवासी अशोक विहार कॉलोनी जलेसर रोड आगरा शामिल हैं।

# शहीद स्मारक पर टिकट लगने पर आक्रोश, संगठनों ने किया विरोध



एनएनआई

**आगरा।** संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक पर आगरा विकास प्राधिकरण की ओर से लाइट एंड साउंड शो के साथ फाउंटेन म्यूजिक शो शुरू किया गया है लेकिन एडीए की ओर से इसका टिकट रखा गया है। शाम को होने वाले इस कार्यक्रम को देखने के लिए जहां 100 रुपये देशी पर्यटकों से तो 300 रुपये विदेशी पर्यटकों का टिकट लगेगा। यही नहीं दोपहर के समय जाने पर शहीद स्मारक में 20 रुपये का टिकट सुनिश्चत किया गया है। इसको लेकर कई सामाजिक संगठनों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि शहर के बीचों बीच स्थित शहीद स्मारक पर टिकट लगाना गलत है। अभी तक संगठन के लोग कई सारे आयोजन से लेकर धरना प्रदर्शन और विरोध प्रदर्शन के लिए भी शहीद स्मारक का चयन करते थे। इसके अलावा 15 अगस्त व 26 जनवरी के भी आयोजन यहां होते थे लेकिन अब टिकट लगने से ऐसे कार्यक्रम निशुल्क नहीं हो सकेंगे।

शहीद स्मारक पर 20 का टिकट लगाकर प्रशासन ने यह साबित कर दिया कि आम जनता की भावनाओं की कोई कद्र नहीं है! जो गरीब बच्चे वहां पढ़ाई करते थे, समाजसेवी अपनी निःस्वार्थ गतिविधियाँ चलाते थे, उन्हें बाहर कर देना क्या न्यायसंगत है? क्या पैसा कमाना ही आगरा विकास प्राधिकर का उद्देश्य है।

**मदन मोहन शर्मा, समाजसेवी**

शहीद स्मारक पर किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं होना चाहिए। यह स्मारक हमारे वीर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है और हर नागरिक को इसे निःशुल्क देखने व वहाँ समय बिताने का अधिकार होना चाहिए।

**मनोज शर्मा, पापा संस्था**

कला, संस्कृति और साहित्य के साधकों का अप्रत्याशित दमन है, जिससे वे आगरा की एकमात्र कलास्थली जहां शुल्क की चिंता छोड़ बड़े से बड़े आयोजन को अपनी क्षमता के अनुसार सजा लिया करते थे, अब या तो इनकी जेब भरें या फिर सड़कों पर आ जायें।

**अलका सिंह शर्मा (संस्थापक निदेशक, नटरांजलि थियेटर आर्ट्स)**

शहीद स्मारक का सौंदर्यीकरण होना चाहिए, पुस्तकालय और सुविधाएँ विकसित होनी चाहिए थीं, लेकिन इसके बजाय टिकट लगाकर इसे आम जनता की पहुँच से दूर किया जा रहा है! क्या यही श्रद्धांजलि है हमारे शहीदों को? हम सभी को इसका विरोध करना चाहिए और सरकार से यह सवाल पूछना चाहिए कि शहीद स्मारक को कमाई का जरिया क्यों बनाया जा रहा है?

**विशाल शर्मा, उपाध्यक्ष हिंदुस्तानी बिरादरी**

शहीद स्मारक पर 20 का टिकट लगाकर जनप्रतिनिधियों के साथ समाजसेवियों की चुप्पी ने यह साबित कर दिया है प्रशासन जो चाहे वह कर सकता है। शहीद स्मारक ऐसी जगह है जहां बच्चे स्टडी के लिए जाते थे। समाजिक गतिविधियां आसानी से हो जाी थीं। अब इन सब पर प्रतिबंध लग जाएगा। शहीद स्मारक को सौंदर्य करण कारकर लोगों को आकर्षित करना चाहिए ताकि शहर आए शहीद स्मारक को देखें और जानें ,उसकी जगह टिकट लगाना न्याय उचित नहीं है।

**राजीव गुप्ता, लोकस्वर एनजीओ**

पूर्व मे एडीए द्वारा टिकिट लगाने से पहले सुझाव मांगे गए थे, सुझाव में सबने यही कहा था कि शहीद स्मारक पर कोई भी टिकट की व्यवस्था नहीं होनी चाहिए। अब अचानक से एडीए ने कैसे टिकट की व्यवस्था कर दी यह सोचने वाली बात है। एडीए द्वारा आई लव आगरा, चौपाटी पर भी टिकट की व्यवस्था की गई जिसका किसी ने विरोध नहीं किया। अब शहीद स्मारक पर टिकट की व्यवस्था की गई है इसका विरोध होना चाहिए क्योंकि यहां पर सभी ऑफिसों के कर्मचारी दोपहर में आकर बैठते हैं। छात्र बैठते हैं।

**अरशद रब**

# ड्रेस, कॉपी-किताब और बस्ता... कुछ नहीं सस्ता

## पुस्तक एवं फीस अनियमितताओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



एनएनआई

**आगरा।** आगरा के विभिन्न विद्यालयों में पुस्तकों, कॉपियों, ड्रेस एवं फीस में अनियमितताओं को लेकर अभिभावकों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। इस संबंध में अभिभावक संघ संरक्षक एवं श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष, डॉ. मदन मोहन शर्मा ने प्रशासन को शिकायत सौंपते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विद्यालय केवल निर्धारित दुकानों से ही पुस्तकें खरीदने का दबाव बना रहे हैं, जिससे अभिभावकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, आयुक्त महोदय ने अभिभावकों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाई का आश्वासन दिया। डॉ.मदन मोहन शर्मा ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस मामले की तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, जिससे अभिभावकों और छात्रों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो अभिभावक संघ विरोध-प्रदर्शन करने और कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। प्रमुख रूप से एडवोकेट ब्रज वर्मा, उमेश सिंह, पंडित नकुल सारस्वत, विधायक शर्मा, मोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

### ये हैं आरोप

- विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों को प्राथमिकता देने के बजाय निजी प्रकाशनों की महंगी किताबें अनिवार्य की जा रही हैं।
- कई विक्रेताओं के पास उचित प्रमाणन नहीं है, जिससे सुरक्षा और गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं।
- सूची में प्रकाशक, लेखक और संस्करण की जानकारी स्पष्ट नहीं की गई है।
- कक्षा में 40 छात्रों की अधिकतम सीमा होते हुए भी 80-80 छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है।
- सेंट एंथनी स्कूल सहित कई विद्यालयों में कमजोर वर्ग के छात्रों के प्रवेश को रोका जा रहा है।

## निजी विद्यालयों की हो जांच, अभिभावकों का आर्थिक शोषण रोका जाए

एनएनआई

**आगरा।** संस्था ने जनवरी 2025 में आपको ज्ञापन देते हुए अवगत करवाया था कि निजी विद्यालयों की कमीशनखोरी से हर वर्ष अभिभावक की आर्थिक हानि होती है, जिसमें नियमानुसार सभी विद्यालयों को निर्देशित करने व अभिभावकों के लिये ऐसा नंबर जारी करने की मांगकी थी जिस पर वह शिकायत कर सकें। मगर महज खाना पूर्ति हुई। अभिभावकों का आर्थिक शोषण इस वर्ष भी हो रहा है। संस्था ने रोक लगाने व नियम विरूद्ध कार्य करने वाले निजी विद्यालयों की जांच के साथ कार्रवाई की मांग की है।

### इन बिंदु पर हो जांच

- निजी विद्यालयों के अभिभावको से पूछा जाये उनकी किताबें, स्कूल के परिधान कहा से खरीदे गये, व उसी दुकान से क्यों खरीदे गये।
- विद्यालयों से पूर्व वर्ष व वतार्मान वर्ष की फीस बुक ली जाये व अभिभावकों से सत्यापित करवाई जाए, ताकि ज्ञात हो सके नियम विरुद्ध कितनी फीस बढ़ाई गई ।
- आरटीई के पिछले दाखिलों का सत्यापन किया जाए कि जिन बच्चों का सरकार ने दाखिला निर्देशित किया गया था उन बच्चों व उनके अभिभावकों को प्रताड़ित तो नहीं किया जाता, वह बच्चे वर्तमान में विद्यालयों पड़ रहे है अथवा नहीं।
- संस्था के पास ऐसी अनगिनत शिकायतें आती है जिसमें निजी विद्यालय जो प्राइमरी व बेसिक स्तर के हैं वह अपने विद्यालयों से ही किताबें, कॉपी, परिधान, बस्ते आदि बेचते हैं, इसके लिये तत्काल छापामार दल का गठन किया जाए।

## सीडीओ को सौंपी प्राइवेट स्कूलों के प्राइवेट पब्लिशर की किताबों की लिस्ट



एनएनआई

**आगरा।** सीडीओ के स्कूलों की जांच के आदेश से अभिभावक संतुष्ट नहीं थे अभिभावकों ने बताया कि हर साल शिकायत शिक्षा विभाग को दी जाती है। जांच के आदेश जारी हो जाते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती और पूरी साल निकल जाती है। प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स अवेयरनेस से राष्ट्रीय संयोजक दीपक सिंह सरीन ने सीडीओ के लिखित आदेश "बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त पुस्तक और पाठ्यक्रम से ही पढ़ाया जा सकेगा" को आधार बनाते हुए 12 प्राइवेट स्कूलों की पुस्तक सूची सौंपी। प्रश्न उठाए की इन प्राइवेट स्कूलों के द्वारा लगाई गई इन प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबों में से कितनी किताबें उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। यदि यह किताबें मान्यता प्राप्त नहीं है तो यह चल कैसे रही हैं। दुकानों पर बिक कैसे रही हैं? तत्काल इन सब पर प्रतिबंध लगाकर बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम को लगाया जाए अन्यथा पुराने सत्र की किताबों का ही प्रयोग किया जाए। पापा संस्था ने सीडीओ को अपने पत्र के साथ, डीपीएस, कैम्ब्रिज पब्लिक, सन फ्लॉवर, सेंट क्लेयर, सेंट मेरी, सेंट पेट्रिक, होली पब्लिक, सेंट पीटर, सेंट पॉल, फ्रांसिस, एंथोनी और नारायणा की किताबों की सूची सौंपी है और तत्काल कारवाई की मांग की है। शिकायत मंडल में राजीव गुप्ता, सुमित सक्सेना, मोहित अग्रवाल, ज्योति मौर्या, कंचन शर्मा, विवेक , राजकुमार, रणधीर आदि अभिभावक शामिल रहे।

## सनातन की जाग्रति को कल होगा सामूहिक फलाहार

- नव संवत्सर और नवरात्रि के अवसर पर होगी माता की महाआरती
- श्री गिरराज जी सेवा मंडल परिवार ने किया कार्यक्रम के आमंत्रण-पत्र का विमोचन

एनएनआई




**आगरा।** श्री गिरराज सेवा मंडल परिवार की ओर से पहली बार शहर में नव संवत्सर और नवरात्रि पर सामूहिक फलाहार प्रसादी और महाआरती का आयोजन होगा। मंगलवार को वाटर वर्क्स स्थित अतिथिवन में संस्था के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र का विमोचन किया।

विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने बताया कि सनातन की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सह भोज की परंपरा रही है। सनातन की प्राचीन परंपरा को पुनः स्थापित करने के लिए शहर के धर्मगुरुओं की मौजूदगी में 3 अप्रैल को कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में आम जनमानस सामूहिक फलाहार होगा।

संस्थापक नितेश अग्रवाल ने बताया कि सामूहिक फलाहार में माता रानी का दरबार सजाया जाएगा। मैया का श्रृंगार संरक्षक व बल्केश्वर महादेव मंदिर के महंत कपिल नागर करेंगे। बच्चों को अपनी संस्कृति का परिचय कराने के लिए कार्यक्रम में जरूर लाएं। कार्यक्रम की जिम्मेदारी संयोजक के रूप में उमेश बाबू अग्रवाल, विकल गर्ग, शेखर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल और संजय जैन को दी गई है। इस अवसर सह संस्थापक मयंक अग्रवाल, महामंत्री विजय अग्रवाल, कुलभूषण गुप्ता, अजय अग्रवाल, रवीन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## मोहन यादव के बिगड़े बोल पर दिव्यांजनों ने माफी मांगने को कहा

### भारतीय दिव्यांग संगठन में आक्रोश, प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

एनएनआई

**आगरा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिव्यांगों को दिए बयान को लेकर भारतीय दिव्यांग संगठन ने नाराजगी व्यक्त की। मंगलवार प्रधानमंत्री के नाम एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिव्यांगों को लेकर साक्षात्कार में मीडिया के सामने कटे-फटे लोगों को नीचे कर दिया जाता है और सही लोग ही समाज में राजा बनते हैं। जैसे मंदिर में खंडित मूर्ति को विसर्जन कर दिया जाता है ऐसे ही दिव्यांगों का विसर्जन कर दिया जाना चाहिए ऐसा बयान दिया था। इस बात से दिव्यांगजनों के मान सम्मान और दिल को चोट पहुंची है। प्रधानमंत्री से अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जल्द इनको इनके पद से बर्खास्त किया जाए। साथ ही दिव्यांग समाज से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान - बॉबी गोला राष्ट्रीय अध्यक्ष समीना राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंच, भगवान दास लोधी, गब्बर सिंह,नानक चंद, गब्बर कुमार,बादल,नव्या खान और सैकड़ो दिव्यांग भाई बहन मौजूद रहे।



newsnextindia1@gmail.com
NNi हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# भस्मासुर दहन संग गोकुलपुरा गणगौर मेले का समापन

## ईसर-गौरा के 32 जोड़ों की निकली शोभायात्रा, कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने की आरती

- श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, महिलाओं ने अमर सुहाग की कामना की





एनएनआई

**आगरा।** गोकुलपुरा में आयोजित दो दिवसीय पारंपरिक गणगौर मेला का शोभायात्रा और भस्मासुर के पुतले के दहन के साथ समापन हो गया। मंगलवार को समापन समारोह का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, आगरा विभाग संघ चालक राजन चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, राजेश खुराना, अध्यक्ष रामकुमार कसेरा, मुख्य संरक्षक पंडित दिनेश चंद्र शर्मा, पंडित दाऊ दयाल शर्मा, रजत अस्थाना, केके शिवहरे ने दीप प्रज्वलन कर किया।

श्री गणगौर मेला कमेटी के महामंत्री मनीष वर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा और भारत वर्मा, संयोजक अमन वर्मा, उपाध्यक्ष ललित शर्मा, प्रदीप गुप्ता, ओम प्रकाश वर्मा, सह कोषाध्यक्ष विष्णु पोरवाल, मंत्री गोविंद वर्मा, सह मंत्री राकेश वर्मा, नीरज वर्मा, सहसंयोजक दीपक वर्मा, मीडिया प्रभारी गौरव वर्मा, सह मीडिया प्रभारी गिरीश वर्मा, सह मंत्री अभिषेक जैन और पंकज यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

विधिवत शुभारंभ के बाद 32 ईसर और गौरा के जोड़ों की भव्य और दिव्य शोभायात्रा देर रात निकाली गई। रथों पर विराजित मां पार्वती और भगवान शंकर के स्वरूप गणगौर की शोभा देखते ही बन रही थी। दर्जन भर बैंड बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर और आरती उतार कर किया गया।

शोभायात्रा गणगौर दरवाजे से आरंभ होकर गोकुलपुरा, राजामंडी, कंसगेट, बल्का बस्ती, मंसा देवी सहित विभिन्न मेला क्षेत्रों से होकर निकली। शोभा यात्रा के बाद ब्रह्म मुहूर्त में बुराई, स्वार्थ, लालच और अहंकार के प्रतीक भस्मासुर के पुतले का दहन किया गया। धनकामेश्वर मंदिर, सिंधी कॉलोनी, गोकुलपुरा पुलिस चौकी के पास 15 फीट ऊंचे भस्मासुर के पुतले का दहन किया गया।

आतिशबाजी और रंग-बिरंगी रोशनी के मध्य लगे मेले को देखने के लिए अन्य जिलों से भी लोग पहुंचे थे। विभिन्न झूले एवं स्टॉल्स पर जमकर भीड़ रही। लगभग 250 स्टॉल लगाए गए। मेले की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्वयंसेवकों की चार टीमों का गठन किया गया, जिसमें प्रत्येक टीम में 15 सदस्य शामिल थे।

### इसलिए होता है भस्मासुर का दहन

श्री गणगौर मेला कमेटी के मुख्य संरक्षक पंडित दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया भगवान शिव के वरदान से भस्मासुर अजेय हो गया था। जब उसने इस शक्ति का दुरुपयोग शुरू किया, तो भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर उसे नष्ट कर दिया। इसी कथा के प्रतीक स्वरूप भस्मासुर का पुतला दहन किया जाता है।

### सहयोगियों का हुआ सम्मान

मेले के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में गणगौर मेला कमेटी द्वारा सहयोगियों और स्वयंसेवकों को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग का भी आभार व्यक्त किया गया

### इन्होंने संभाली व्यवस्था

मुख्य संरक्षक पंडित दिनेश चंद्र शर्मा, पंडित दाउदयाल शर्मा, रजत अस्थाना, के.के. शिवहरे, अध्यक्ष रामकुमार कसेरा, महामंत्री मनीष वर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, भरत वर्मा, संयोजक अमन वर्मा, उपाध्यक्ष ललित शर्मा, प्रदीप गुप्ता ने व्यवस्था संभाली।

# संचारी रोगों के नियंत्रण को शुरू हुआ अभियान

## विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने रैली को दिखाई हरी झंडी

- 10 से अप्रैल से शुरू होगा दस्तक अभियान, घर-घर जाकर आशाएं पूछेंगी सेहत का हाल




एनएनआई

**आगरा।** जनपद में मंगलवार से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो गया। एमजी रोड पर आगरा कॉलेज ग्राउंड से सुभाष पार्क तक जागरुकता रैली निकाली गई। विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाई। नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में एक अप्रैल विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों व लू आदि से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ से एसएमओ डॉ. महिमा, डीपीएम कुलदीप भारद्वाज, यूनिसेफ के डीएमसी राहुल कुलश्रेष्ठ, स्कूलों के अध्यापक सहित छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

# सिंधी समाज का जनेऊ संस्कार कल से



एनएनआई

**आगरा।** सतगुरु स्वामी टेऊंराम आश्रम केदार नगर शाहगंज पर सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज के तीन दिवसीय आगरा आगमन पर कार्यक्रम सतगुरु की अध्यक्षता में होंगे। सतगुरु स्वामी टेऊंराम आश्रम की मुख्य सेविका भगवंती साजनानी ने बताया 3 अप्रैल को प्रातः 5 बजे गुरु महाराज का शुभ आगमन एवं 7 बजे अखंडपाठ रखा जाएगा। तत्पश्चात 8 बजे स्वामी काला महल प्रस्थान करेंगे। 4 को प्रातः 8 बजे हवन व ध्वजारोहण शाम 4 बजे से दिव्य भक्तिमय ज्ञान सत्संग गंगा। 5 अप्रैल को सुबह 5.30 विशाल प्रभात फेरी 7.30 पोशाक पहरान 10 बजे सामूहिक जनेऊ संस्कार अखण्ड पाठ का भोग होगा। शाम 4 बजे से दिव्य भक्तिमय ज्ञान सत्संग गंगा।

# 75 आकर्षक झांकियों संग निकलेगी दक्ष कन्या मां भगवती की शोभायात्रा

## 5 अप्रैल को प्रजापति समाज चैत्र माह की महाष्टमी पर्व पर करेगा आयोजन




एनएनआई

**आगरा।** दक्ष कन्या मां भगवती की भव्य शोभायात्रा का आयोजन चैत्र माह के शुक्ल अष्टमी पर किया जाएगा। दक्ष कन्या मां भगवती की शोभायात्रा समिति संग शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से 75 से अधिक झांकियां बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों के साथ निकलेंगी। महाष्टमी के दिन 5 अप्रैल को दोपहर 2 बजे प्रजापति देवी मंदिर चौराहा नालबंद से शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। इससे पूर्व 3 अप्रैल को सुबह 10 बजे शहरवासियों को शोभायात्रा में आमंत्रित करने के लिए दोपहिया वाहनों पर आमंत्रण रैली निकाली जाएगी।

यह जानकारी शोभायात्रा के संयोजक सुनहरी लाल गोला, अध्यक्ष अशोक गोला, महामंत्री नवीन प्रजापति, मीडिया प्रभारी राजेश प्रजापति ने किदवई पार्क स्थित श्याम होटल में आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम में दी। बताया कि शोभायात्रा में देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों से सुसज्जित झांकियां व महापुरुषों की जीवनी से संबंधित संदेश देते हुए 75 आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल ही जीवन है, क्लीन आगरा-ग्रीन आगरा व पर्यावरण की थीम पर भी आकर्षक झांकियां होंगी। जगह-जगह 80 स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया जाएगा। जगह-जगह भंडारे, तोरणद्वार, शीतल जल की प्याऊ लगाई जाएंगी। समिति के पदाधिकारियों ने नगर युक्त से शोभायात्रा मार्ग पर प्रकाश, सफाई व मरम्मत कार्य की मांग की है। इस अवसर पर श्रीचंद गोला, जयचन्द प्रजापति, हेमन्त प्रजापति, मुन्नालाल प्रजापति, भगवान दास दक्ष, मंजू प्रजापति, विमलेश प्रजापति, सुमित, शिवम, प्रभुदयाल, मुनेश, जय, ललित दक्ष, संजीव, रविन्द्र, सुभाष, नवनीत, पवन, ललितेश, जगदीश, सोनी, सतीश, सुभाष, कन्हैयालाल, रवि हरिओम, विजय, ओमप्रकाश, राजकुमार, दीपक, सुनील, हिमांशु, भीष्पपाल, महेश आदि उपस्थित थे।

यह होगा शोभायात्रा का मार्ग

नालबंद चौराहा स्थित प्रजापति देवी मंदिर से प्रारम्भ होकर शोभायात्रा पंचकुईयां, जीआईसी ग्राउंड, कोठी मीनाबाजार, सिरकी मंडी, लोहामंडी चौराहा, तोता का ताल, मदिया कटरा, हरी पर्वत, मंडी सईद खां, रघुनाथ सिनेमा, चित्रा सिनेमा, काली बाड़ी मंदिर से नूरी दरवाजा, राजामंडी चैराहा, आगरा कालेज, टीबी हॉस्पीटल, खिड़की काले खां, पटेल नगर, मोती कटरा, नीरा हुसैनी चौराहा, सदर भट्टी, धाकरान चौराहा होते हुए प्रजापति देवी मंदिर पर विश्राम लेगी।

## स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र शुरूः बच्चों का रोली-चंदन से टीका लगाकर किया स्वागत



**पिनाहट** एनएनआई। खंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार गौतम के नेतृत्व में मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों का पारंपरिक तरीके से रोली-चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालयों में छात्रों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ब्लॉक क्षेत्र के गांव कएडी, राटौटी, कोकपुरा सहित अन्य स्कूलों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। नौनिहालों का स्वागत फूल मालाओं से किया गया, जिससे स्कूल परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया।



**बाह** एनएनआई। नये सत्र की शुरूआत के साथ ही बाह जैतपुर ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों में मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। किला गांव के प्राइमरी स्कूल में पहले दिन प्रवेश के लिए तीन बच्चे पहुंचे। शिक्षिकाओं बुसरा रहमानी, साधना गौतम, रूबी बौहरे, उमा बरुआ, आरती बंसल ने टीका लगा कर उनकी आगवानी की। टॉफी खिलाई, फ्रेम में तस्वीर लेकर उनको पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। मंगदपुर के जूनियर हाईस्कूल में पहले दिन 4 बच्चे प्रवेश को पहुंचे। शिक्षिकाओं रीता भदौरिया, ममता श्रीवास्तव ने टीका लगा कर उनको सम्मानित किया गया। पुस्तकें प्रदान की गई। पीएम श्री विद्यालय बाह में पहले दिन 5 बच्चों ने प्रवेश लिया। मिठाई खिला कर प्रधानाध्यापक रतन सिंह ने पुस्तकें वितरित की। पीएम श्री विद्यालय जैतपुर में प्रधानाध्यापिका नूतन ने तिलक किया। अजेन्द्र शर्मा ने पुस्तकें वितरित की। प्रधान राकेश पुरोहित ने प्रवेश लेने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाया।

## ट्रेन की चपेट में आकर किशोर की मौत

**कासगंज** एनएनआई। सदर कोतवाली क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर एक किशोर की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं युवक की मौत के बाद उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

बतादें कि कासगंज कोतवाली पुलिस को बीती देर रात सूचना मिली कि क्षेत्र के अमांपुर फाटक से 100 मीटर की दूरी पर रेल की पटरी के पास एक 17 वर्षीय अज्ञात किशोर का शव हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची और किशोर के शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी, तो पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम ग्रह पर सुरक्षित रखवा दिया और शिनाख्त के लिये सोशल मीडिया का सहारा लिया। वहीं किशोर की शिनाख्त मंगलवार को कासगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जयजय राम रामबली कॉलोनी निवासी प्रेम कुमार के 17 वर्षीय पुत्र जय किशन के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि जय किशन देर शाम टहलने के लिए निकला था और सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि उनके पुत्र की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

# एसडीएम और पुलिस टीम को कुचलने की कोशिश

एनएनआई

**मथुरा**। नौहझील में गिट्टी लदे ट्रकों को रोकने का इशारा करने पर एसडीएम, खनन निरीक्षक और पुलिस टीम को जान से मारने की नीयत से ट्रक से कुचलने की कोशिश की गई।

नौहझील थाना क्षेत्र की छिनपारई और कोलाहार चौकी के पास ये घटनाएं शनिवार रात हुईं। कोलाहार चौकी के पुलिस की बैरिकेड को तोड़कर ट्रक अलीगढ़ जिले की सीमा में चले गए। इस मामले में खनन निरीक्षक की तहरीर पर 5 ट्रक, 3 कार चालकों व 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। खनन इंस्पेक्टर अक्षय कुमार ने अपनी तहरीर में बताया कि रात 12 बजे वे एसडीएम मांट अभिनव जे जैन के साथ नौहझील क्षेत्र की छिनपारई चौकी के पास चेकिंग कर रहे थे।


गिट्टी से भरे 2 ट्रकों को रोकने का इशारा करने पर चालकों ने जान से मारने की नीयत से ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। आगे कोलाहर चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बैरिकेड लगाकर ट्रकों को रोकने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश की गई। यहां ट्रक बैरिकेड तोड़कर अलीगढ़ की तरफ भाग निकले। सुबह साढ़े 4 बजे नौहझील बस स्टैंड के पास व छिनपारई के पास से दो ट्रकों को नौहझील पुलिस को सौंपा गया। इस दौरान छिनपारई के पास भी ट्रक चढ़ाने की कोशिश हुई। इस दौरान 3 कारें (लोकेटर व सूचना देने वालों की) आगे पीछे चल रहीं थी। डीएम चंद्रप्रकाश सिंह का कहना है कि जिले में अवैध खनन नहीं होने देंगे। घटना की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने बैठक की आयोजित

**कासगंज** एनएनआई। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा प्रारंभ किए गए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद कासगंज ने वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिसोदिया के आवास पर जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह यदुवंशी एडवोकेट ने की। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर अशोक कुमार सिसोदिया ने कहा कि आज का समय तलवार भला बरसी से नहीं है, क्षत्रिय समाज एकजुट होकर महाराणा प्रताप जयंती शोभायात्रा में सहवजता करें तथा आगामी कार्यक्रम 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती शोभा यात्रा के सफल आयोजन हेतु जनसंपर्क कर शोभा यात्रा की तैयारी करें। अशोक सिसोदिया ने यह भी कहा के शूरवीर राणा सांगा के अपमान का बदला समाजवादी पार्टी को आगामी चुनाव में हराकर क्षत्रिय समाज द्वारा लिया जाएगा। जिला अध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह यदुवंशी एडवोकेट ने कहा कि आज भारतीय नववर्ष का दिन है सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत प्रवर्तित किया गया था। सम्राट विक्रमादित्य का शासन पश्चिम में ईरान तक था।

# पुराने सीएचसी की जगह पर ट्रॉमा सेंटर बनाने की मांग

**अछनेरा** एनएनआई। सीएचसी केंद्र अछनेरा पूर्व में रायभा रोड पर हुआ करता था। काफी जर्जर हालत के चलते चौधरी बाबूलाल ने सांसद के पद पर रहते हुए ग्रामीण जनता को बेहतर इलाज दिलाने के लिए मुद्दा उठाया था। इस दौरान चौधरी बाबूलाल ने अपने कार्यकाल में अछनेरा के स्टेशन रोड पर भव्य सीएचसी भवन का निर्माण करवाया था। वहीं पुराने सीएचसी भवन की बिल्डिंग वर्तमान में खण्डर में तब्दील हो चुकी है जिसको देखते हुए



फतेहपुर सीकरी विधायक चौ. बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को स्तिथि बयां करते हुए पत्र लिखा है। विधायक ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि उक्त भूमि पर ट्रॉमा सेंटर या 100 शेय्या का हॉस्पिटल बनवाया जाये। विधायक के अनुसार फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में अभी तक कोई भी ट्रॉमा सेंटर नहीं बना है जिसके कारण मरीजों को आपात स्तिथि में आगरा ले जाना पड़ता है एवं कभी कभी रास्ते में ही मरीज की मृत्यु हो जाती है। अछनेरा में ट्रॉमा सेंटर व 100 शेय्या हॉस्पिटल बनने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आगरा नहीं भटकना पड़ेगा।

### विधायक के प्रयास की क्षेत्र में चर्चा

विधायक चौधरी बाबूलाल द्वारा लिखे पत्र को लेकर क्षेत्र में लोग उनके कार्य की सराहना करते नजर आ रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि अगर ट्रॉमा सेंटर या 100 बेड वाला अस्पताल बन जाए तो ग्रामीण अंचल के मरीजों को भरतपुर या आगरा नहीं भटकना पड़ेगा।

# चंबल में ट्रैकिंग और जंपिंग कर रोमांचित हुई छात्राएं

एनएनआई

**बाह**। चंबल नदी के अटेर घाट पर सोमवार की शाम छात्राओं ने ट्रैकिंग और जंपिंग का रोमांच दिया। उन्होंने चंबल के वीरता के इतिहास को जाना और पुरातात्विक महत्व को समझा। एलएनआईपी ग्वालियर में शारीरिक शिक्षा ग्रहण कर रही उत्तराखंड की खिलाड़ी छात्राओं ने अटेर घाट पर ट्रैकिंग और जंपिंग की। इस दौरान उन्होंने चकवा चकवी (रुडीशेलडक), बार हेडेड गूज, इंडियन स्कीमर, घड़ियाल, मगरमच्छ और डॉल्फिन आदि को देखा। किशोरी स्पोर्ट्स क्लब के संचालक व खेल कोच राधे गोपाल यादव ने बताया कि उत्तराखंड की खिलाड़ी छात्राओं ने चंबल के बीहड़ में 5 किमी की ट्रैकिंग की। चंबल किनारे



सेंकुअरी की जलीय जीव, सुंदर दृश्य एवं अटेर किले का इतिहास छात्राओं ने जाना। उन्हें बताया गया कि चंबल घाटी आजादी की लड़ाई के दौरान क्रांतिकारियों की शरण स्थली रही है। अंग्रेज और मुगल शासन से विद्रोह कर आए लोगों ने यहां आश्रय लिया। इसी कारण इसे बागियों की भूमि कहा जाने लगा। उत्तराखंड की खिलाड़ी गार्गी वर्नवाल, शिवानी रावत, श्वेता, अंकिता आर्या आदि ट्रैकिंग और चंबल के वीरता के इतिहास से बेहद रोमांचित दिखी।

### फिल्मों से खराब हुई चंबल की छवि

फिल्मी दुनिया ने चंबल के इतिहास की नकारात्मक छवि पेश की है। यही बजह है कि बागियों की भूमि को डकैतों की घाटी कहा जाने लगा। जिसकी बजह से चंबल के प्रति लोगों का नजरिया बदल गया और इसी रूप में देखने लगे। खिलाड़ी छात्राओं ने चंबल के बदलते स्वरूप को समझा। उन्होंने बताया कि भले ही पहले लोग यहां आने से कतराते रहे हैं, लेकिन भविष्य में ट्रैकिंग करने के लिए विश्व भर से लोग आएंगे। चंबल का अटेर घाट पर्यटन गतिविधियों का केन्द्र बनेगा। रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

## पूनम ने मानेसर गुरुग्राम हाफ मैराथन जीती, मिला स्कूटी और 20 हजार का पुरस्कार

**बाह** एनएनआई। नेशनल एथलेटिक्स में अपनी प्रतिभा को उभारने में जुटी जरार की पूनम उर्फ गविता ने मानेसर गुरुग्राम हाफ मैराथन जीत कर चयन कताओं का अपनी ओर ध्यान खींचा है। सोमवार को आयोजित 10 किमी की हाफ मैराथन में देश भर के एथलीटों को पीछे छोड़ कर विजेता बनी पूनम उर्फ गविता को 20 हजार रुपये और स्कूटी का पुरस्कार मिला है। सांसद खेल स्पर्धा में अपने दमखम का प्रदर्शन कर चुकी नन्हीं परी ने हाफ मैराथन जीत कर बाह क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बाह की विधायक पक्षालिका सिंह ने पूनम उर्फ गविता को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में आशुतोष नेहरू, हृदय नरायन शर्मा, उमेश सिसोदिया, अमित झा, रमेश भदौरिया, राजीव गुप्ता, मुकेश शर्मा, कृपा नरायन शर्मा आदि रहे।



## संपादकीय

# कर्नाटक में हर तरफ खेल चल रहा है!

कर्नाटक में कई चुनावों से तो गठबंधन की ही सरकार बन रही थी लेकिन मई 2023 में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत से ज्यादा सीटें मिलीं और भाजपा काफी पीछे छूट गई। कांग्रेस पार्टी को इतना बड़ा बहुमत मिला है, जितना पिछले कई चुनावों में किसी एक पार्टी को नहीं मिला।भाजपा और जेडीएस में तालमेल हुआ तो दोनों को मिला कर 84 सीटें हैं और कांग्रेस को अकेले 138 सीट है। 224 सदस्यों की विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 113 का है। यानी कांग्रेस 25 सीट आगे है और भाजपा गठबंधन 29 सीट पीछे है। फिर भी पहले दिन से सरकार की अस्थिरता का मामला चलता रहता है। इसके पीछे यह भी कहा जाता है कि उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ढाई साल के बाद मुख्यमंत्री बनने का प्रयास करेंगे और तब कांग्रेस में फूट हो सकती है।इस बीच एक नई राजनीति देखने को मिली है। डीके शिवकुमार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले कांग्रेस के नेताओं में से एक सतीश जरकिहोली ने पिछले दिनों जेडीएस नेता और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान एचडी देवगौड़ा भी मौजूद थे। गौरतलब है कि सतीश जरकिहोली राज्य सरकार में मंत्री हैं और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के प्रति निष्ठावान माने जाते हैं। बेलगावी के जरकिहोली बंधु कांग्रेस और भाजपा दोनों से जुड़े हुए हैं और हर बात की सत्ता पलट में उनका हाथ होता है। जरकिहोली बंधुओं का कुनबा पांच भाइयों का हैं और पांचों विधायक या विधान पार्षद हैं। बहरहाल, सतीश जरकिहोली की कुमारस्वामी से मुलाकात ने कर्नाटक की राजनीति में गर्मी बढ़ा दी है। बात भाजपा की तो पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा इन दिनों सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं। पिछले कुछ समय से उनको लेकर निगेटिव खबरें ही ज्यादा आईं। उनसे जुड़े कई मामलों की जांच को लेकर खबरें आती रहती हैं। लेकिन उन्होंने दिखाया है कि कर्नाटक भाजपा की जहां तक बात है तो बॉस वे ही हैं। उनका और उनके बेटे कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र का विरोध करने वाले वरिष्ठ नेता को पार्टी से निकाल दिया गया है। भाजपा ने अनुशासन की कार्रवाई करते हुए अपने वरिष्ठ नेता बासनगौड़ा पाटिल यतनाल को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। अभी सिर्फ एक ही नेता के खिलाफ कार्रवाई हुई है लेकिन इसके जरिए उन का साथ देने वाले सभी नेताओं को संदेश दे दिया गया है।असल में विधानसभा का चुनाव हारने के बाद से ही कर्नाटक भाजपा के कई नेताओं ने येदियुरप्पा और उनके बेटे के खिलाफ मोर्चा खोला है। बसनगौड़ पाटिल यतनाल इस विरोध का चेहरा हैं। लेकिन परदे के पीछे से इसमें कांग्रेस के संगठन महामंत्री बीएल संतोष और पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई का भी नाम लिया जा रहा है। इसके अलावा पार्टी के विधायक रमेश जरकिहोली भी इसमें शामिल बताए जाते हैं। अभी इनमें से किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हूई है। लेकिन बसनगौड़ा यतनाल को पार्टी से निकाल भाजपा नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि कर्नाटक में कम से कम अभी वही होगा, जो येदियुरप्पा चाहेंगे। अब देखना है कि उनके बेटे को पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर बनाए रखा जाता है या नहीं। इस विवाद की वजह से ही कर्नाटक में भाजपा संगठन का चुनाव लंबित था। यह कर्नाटक भाजपा की खासियत है कि उसके निकाले गए नेता पार्टी बनाते हैं या पार्टी से नाराज होकर जो नेता अलग होते हैं, वे भी पार्टी बनाते हैं और थोड़े समय अलग राजनीति करने के बाद वापस भाजपा में लौट आते हैं।भारतीय जनता पार्टी से निकाले गए बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने नई हिंदू पार्टी बनाने का संकेत दिया है।उनसे पहले खुद येदियुरप्पा ने अलग पार्टी बनाई थी। उन्होंने कर्नाटक जनता पार्टी नाम से अलग पार्टी बनाई और 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा नुकसान पहुंचाया। हालांकि उनकी पार्टी को भी कोई खास फायदा नहीं हुआ। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया। इसी तरह बेल्लारी के रेड्डी बंधुओं को भाजपा ने पार्टी से निकाला तो उन्होंने भी अलग पार्टी बनाई थी। पिछले साल लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जनार्दन रेड्डी ने अपनी पार्टी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष का भाजपा में विलय कर दिया। भाजपा के नेता बी श्रीरामुलू ने भी बीएसआर कांग्रेस नाम से पार्टी बनाई थी। उनकी पार्टी का विलय तो भाजपा में नहीं हुआ लेकिन वे भाजपा में लौट गए। अगले कुछ महीने कर्नाटक राज्य की राजनीति के लिए बहुत अहम होंगे।





# 'सुशासन की योगी सरकार के आठ वर्षों में महिलाओं का सशक्तिकरण'

जहां एक ओर संपूर्ण विश्व में दिव्य व पवित्र महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन ने शासन व प्रशासन के एक नवीन उदाहरण को प्रस्तुत किया है, वहीं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रशासन और कौशल पूर्ण राष्ट्र के लिए वर्तमान व भविष्य के लिए एक उदाहरण सिद्ध हुआ है। बतौर उत्तर प्रदेश के नागरिक के रूप में बात करूं तो पिछले सात-आठ वर्षों में मेरे प्रदेश ने योगी जी के नेतृत्व में वो आयाम प्राप्त किया है जिनकी कल्पना में वर्ष 2016 तक कर भी नहीं सकती थी। मैं इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में प्रदेश की प्रगति की बात करुं तो 'गंगा एक्सप्रेस झवे', 'पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे' और 'बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे' ने प्रदेश के नेटवर्क को सुगम बना दिया है। कोरोना महामारी के दौरान योगी जी के नेतृत्व में मेरा राज्य प्रभावी रूप से इस विपदा से निपटा और मेडिकल सुविधाओं का विस्तार किया। योगी सरकार की 'किसान राहत योजना' और 'मृदा स्वास्थ कार्ड योजना जिससे प्रदेश की कृषि उत्पादन में वृद्धि और किसानों की आय में भी सुधार हुआ है। इन सभी विकास परियोजनाओं के माध्यम से योगी जी ने सिद्ध कर दिया कि जिस प्रदेश का अन्नदाता खुशहाल है उस प्रदेश का आम जनमानस भी खुशहाल रहता है। योगी सरकार ने राज्य में युवाओं के लिए 'उद्यमि योजना' और 'मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना' के माध्यम से युवाओं को देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था की प्रगति में सीधे जोड़ने का काम किया है। अर्थात मैं ये कह सकती हूं कि जिस प्रकार सूर्य अपने सर्वत्र प्रकाश से संपूर्ण धरा के कोने-कोने को जीवन प्रदान करता है, ठीक उसी प्रकार योगी जी की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के हर विषय वर्ग व क्षेत्र में प्रगति करने का कार्य किया है।

लेकिन एक महिला के रूप में मैने योगी जी के इन आठ वर्षों के कार्यकाल में वो महसूस किया जो शायद एक राजा 'राम' के राज्य में महासूस करती। उत्तर प्रदेश की आधी जनसंख्या जो कि हम महिलाओं की है जिन्हें 2017 से पहले की सरकारें सिर्फ पुरुषों पर निर्भर मतदाताओं की श्रेणी में रखती थी। लेकिन 2017 के बाद योगी जी सरकार ने हम महिलाओं को अनेक योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की प्रगति व समाज से सीधे तौर पर जोड़ने का काम किया। उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाखों महिलाओं को लाभान्वित किया गया। जिससे महिलाओं के जीवन में सुधार और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को समाज में सशक्त बनाना और उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रुप से आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार के

## उत्तर प्रदेश-एक नई दिशा की ओर






आठ वर्षों में इन योजनाओं ने न केवल महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने का काम किया है बल्कि उन्हें सामाजिक और आर्थिक दायित्वों से भी उबरने में मदद की।

कन्याओं के जन्म से ही उनके कल्याण और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना' की शुरूआत की गई। इस योजन के तहत योगी सरकार ने गरीब और पिछड़े वर्ग की लड़कियों को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक कई चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की। केंद्र सरकार की उज्जवला योजना को उत्तर प्रदेश में प्रभावी रुप से लागू किया गया। महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया गया, जिससे उन्हें जलाने के लिए लकड़ी और कोयला जैसी पारंपरिक स्त्रोतों से मुक्ति मिली और साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी हुआ। महिलाओं की सरुक्षा और गरिमा को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने 'मिशन शक्ति योजना' को लागू किया। इस योजना के तहत प्रदेश में 59,000 ग्राम पंचायत भवनों में मिशन शक्ति कक्षाएं स्थापित की गई और एक लाख महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त लगभग दो लाख महिलाओं को 'निराश्रित महिला पेंशन' योजना से जोड़कर योगी जी ले श्री कृष्ण की भांति महिलाओं के आत्मसम्मान को बचाने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी चुनौती महिलाओं को रोजगार प्रदान करने की थी, इस ओर कदम बढ़ाते हुए योगी सरकार महिलाओं के लिए 'महिला समृद्धि योजना' लायी तथा इसके माध्यम से महिलाओं को सीधे तौर पर रोजगार से जोड़ने का काम किया। जब तक प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर नहीं बनती है तब तक प्रदेश भी आत्मनिर्भर नहीं बन पाएगा। इसी लिए प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार ने संपूर्ण प्रदेश में 'समर्थ अभियान' आरंभ किया।

एक महिला के रुप में मैं जब भी समाज में जाती थी तब मुझे भी कहीं न कहीं स्वयं की सुरक्षा का भय बना रहता था, फिर विद्यालय और कॉलेज जाने वाली बच्चियों की चिंता सदैव और उनके माता-पिता को लगी रहती थी। फिर वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में एक क्रांति होती है और एक ऐसा व्यक्ति चुनकर हमारा नेतृत्व करता है जिसने प्रत्येग महिला को अपनी माता अथवा बहन के रुप में स्वीकार किया। तथा प्रत्येक बच्ची को अपनी बच्ची माना। महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के संदर्भ में पहला कार्य जो किया वो 'रोमियो स्काड' अभियान का शुभारंभ था। जिसके माध्यम से अब प्रदेश की हर बच्ची सर उठाकर रात में अथवा दिन में शहर अथवा गांव में सुरक्षा के भाव को महसूस करते हुए विचरण कर सकती है।

प्रदेश की डबल इंजन की योगी सरकार ने 'वन स्टॉप सेंटर' व 'बालिका श्री योजना' के माध्यम से प्रदेश की हर महिला को शारीरिक मानसिक और सामाजिक रुप से मजबूत करने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के पिछले आठ वर्षों का यदि मैं एक महिला के रूप में आकलन करुं तो मैं पूर्ण मनोयोग से कह सकती हूं कि सुशासन की योगी सरकार ने अपने आठ वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं को सशक्त किया व उनकी प्रगति और विकास को एक नई दिशा प्रदान की।



सुषमा सिंह
निवर्तमान उपाध्यक्ष ,उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग

# सलमान खान की नहीं चली हीरोगिरी

### तीसरे दिन 'सिकंदर' की कमाई में 32% की गिरावट, शो रद्द

**सलमान खान की ईद रिलीज 'सिकंदर' दर्शकों और समीक्षकों को प्रभावित करने में नाकाम रही है। ईद के बाद फिल्म की भारत में बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में भारी गिरावट आई है। साउथ की फिल्म का रीमेक तो उन्होंने इस बार नहीं किया।**



इस बार साउथ की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस के साथ साउथ मास जोड़ने की कोशिक की, जिसमें वो सफल होते नजर नहीं आ रहे हैं। तीसरे दिन फिल्म के बॉक्स ऑपिस कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली है। 'सिकंदर' ने अपने पहले दिन 26 करोड़, दूसरे दिन 29 करोड़ और तीसरे दिन लगभग 19.5 करोड़ कमाए। इस तरह, पहले मंगलवार तक फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 74.5 करोड़ तक पहुंच गया। फिल्म ट्रेड पोर्टल सैकनिल्क के मुताबिक, 'सिकंदर' के हिंदी शो में तीसरे दिन कुल 19.42% ऑक्यूपेंसी रही। सुबह के शो में 6.87%, दोपहर के शो में 18.91%, शाम के शो में 25.99% और रात के शो में 25.89% ऑक्यूपेंसी रही। 200 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'सिकंदर' की स्थिति जल्द ही सुधरती नहीं दिख रही है क्योंकि भारत के कई थिएटरों ने इसके शो कम कर दिए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, विभिन्न फिल्म डिस्टीब्यूटर्स ने बताया कि सूरत, अहमदाबाद, भोपाल, इंदौर और देश के अन्य हिस्सों में कई सिनेमा चेन में दर्शकों की कमी के कारण फिल्म के शो रद्द कर दिए गए। थिएटरों ने 'सिकंदर' के शो की जगह गुजराती फिल्मों जैसे 'ऑल द बेस्ट पंड्या' और 'उंबरो' और यहां तक कि मोहनलाल की नई फिल्म 'छ2 एमपुरान' को दिखाना शुरू कर दिया है. मुंबई के कांदिवली में इनॉक्स रघुलेला में 'सिकंदर' के 5:30 बजे के शो की जगह 'उंबरो' दिखाया जा रहा है। वीक डेज में कमाई की धीमी रफ्तार के बाद माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में फिल्म की बजट जितनी कमाई कर पाना मुश्किल है। वहीं, दुनियाभर में फिल्म का कलेक्शन 100 करोड़ पार दो दिनों में हो गया था।


### व्हॉइट क्रॉप टॉप के साथ ब्लेजर के बटन खोल स्टाइल में एयरपोर्ट पहुंचीं

# रश्मिका मंदाना



रश्मिका मंदाना हमेशा अपने स्टाइलिश लुक से फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं। आज सुबह भी सिकंदर एक्ट्रेस बॉस लेडी वाइब्स के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी लेटेस्ट रिलीज फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। इस पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा में वे सलमान खान संग नजर आ रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस को बुधवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान एक्ट्रेस काफी स्टाइलिश अंदाज में नजर आईं। सिकंदर एक्ट्रेस रश्मिका मंदना ने बुधवार सुबह मास्क लगाए हुए एयरपोर्ट पर एंट्री ली। एक्ट्रेस इस दौरान काफी स्टाइलिश लुक में दिखीं। वहीं एयरपोर्ट पर पैप्स के कहने पर एक्ट्रेस ने अपना मास्क हटा लिया था। रश्मिका ने व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ व्हाइट पैंच और मैचिंग शूज पेयर किए थे। एक्ट्रेस ने इसके साथ ग्रे ब्लेजर भी कैरी किया हुआ था। कैप लगाए हुए रश्मिका काफी ब्यूटीफुल लग रही थीं। रश्मिका बिना मेकअप के भी काफी प्यारी लग रही थीं। उनसे नजरें हटाना मुश्किल हो रहा था। एक्ट्रेस ने इस दौरान स्माइल के साथ पैप्स के लिए जमकर तस्वीरें क्लिक कराईं। रश्मिका की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एयरपोर्ट में एंट्री करने से पहले सिकंदर एक्ट्रेस ने हाथ हिलाकर पैप्स को बाय भी कहा।

# जब तक आपके पास कहानी है, तब तक प्रासंगिक रहेगी कला : कुमुद मिश्रा



अभिनेता कुमुद मिश्रा के थिएटर ड्रामा 'सांप सीढ़ी' को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने न्यूज एजेंसी से बात की और कहा है कि टेक्नोलॉजी के युग में भी कला खत्म नहीं हो सकती। जब तक आपके पास कहने के लिए कहानी है, तब तक कला प्रासंगिक बनी रहेगी। आद्यम थिएटर द्वारा प्रस्तुत नाटक 'सांप सीढ़ी' के अभिनेता का मानना है कि जब तक आपके पास कहने के लिए कहानी है, तब तक कला खत्म नहीं हो सकती। इसके साथ ही उन्होंने नए शो, काम के प्रति अपने नजरिए और कला की बदलती स्थिति के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया, मैं बचपन से सुनता आ रहा हूं कि थिएटर खत्म हो रहा है - कहां? यह कभी नहीं हो सकता। बस इसका स्वरूप बदल गया है। थिएटर फेस्टिवल बड़े हैं, थिएटर ग्रुप बड़े हैं, थिएटर स्पेस बड़े हैं, दर्शक बड़े हैं। जब तक आपके पास कहने के लिए कहानी है, तब तक कोई भी कला जीवित रहेगी और लाइव आर्ट फॉर्म की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है क्योंकि आज के समय में हम मोबाइल में व्यस्त हैं। थिएटर एक ऐसी जगह है जहां आप लाइव परफॉर्मेंस और भावनाओं को महसूस कर सकते हैं। 'सांप सीढ़ी' में अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, इसमें मेरे किरदार का नाम अनिल वाधवा है। वह एक अभिनेता, निमार्ता, निर्देशक और पटकथा लेखक भी है, जो फिल्में बनाता है। वह स्वार्थी और थोड़ा बुरा इंसान भी है। मैंने महसूस किया है कि आप जो भी भूमिका पर्दे पर निभाते हैं, उसमें आपके स्वभाव का कुछ हिस्सा चला जाता है, कौन सा हिस्सा, यह मुझे नहीं पता। अभिनेता ने यह भी कहा कि वह अपने काम में आलोचना का स्वागत करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, यह आपके पेशे का हिस्सा है। आलोचना का भी बहुत स्वागत है, क्योंकि यह जरूरी नहीं है कि आप हर बार अच्छा काम करें।



# पंजाब किंग्स ने लखनऊ को आठ विकेट से हराया

**लखनऊ।** आईपीएल 2025 के 13वें मैच में पंजाब किंग्स ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इस शानदार जीत में कप्तान श्रेयस अय्यर, नेहल वढेरा और ओपनर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की जोरदार पारियों ने अहम भूमिका निभाई। प्रभसिमरन सिंह ने विस्फोटक अंदाज में 34 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 69 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब के सामने 172 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसे पंजाब ने 16.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।

लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम शुरू से ही दबाव में रही। पंजाब के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ को शुरूआती झटके दिए। अर्शदीप सिंह ने पहले ओवर में मिचेल मार्श को शून्य पर आउट किया। इसके बाद एडन मारक्रम और निकोलस पूरन ने दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े, लेकिन लॉकी फर्ग्यूसन ने मारक्रम को आउट कर लखनऊ के स्कोर को 35 रन पर तीन विकेट तक पहुंचा दिया।

इसके बाद पंजाब के गेंदबाजों ने लखनऊ पर दबाव बनाए रखा। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत को ग्लेन मैक्सवेल ने लेग साइड में युजवेंद्र चहल के हाथों कैच करा दिया। पंत केवल दो रन ही बना सके। निकोलस पूरन ने आयुष बदौनी के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन जोड़कर टीम की पारी को संजीवनी देने की कोशिश की। हालांकि, चहल ने पूरन को आउट कर पंजाब को फिर से मैच में वापसी दिलाई। पूरन ने 30 गेंदों पर 44 रन की पारी खेली, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे।

पंजाब को 172 रन का लक्ष्य मिला और यह लक्ष्य उसने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाकर हासिल कर लिया। पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 30 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे। अय्यर की पारी ने पंजाब को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। इस दौरान नेहल वढेरा ने नाबाद 43 रन बनाए और प्रभसिमरन सिंह ने 69 रन की विस्फोटक पारी खेली।

पंजाब ने 22 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। आईपीएल 2025 में पंजाब की यह दूसरी जीत है और वह अंक तालिका में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।



# पंचसितारा होटलों के दिग्गज लगाएंगे चौके-छक्के

- तृतीय रजत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण
- टीसा के मैदान पर 3 से 20 अप्रैल तक होगा टूर्नामेंट

एनएनआई

**आगरा।** टूरिज्म गिल्ड ऑफ आगरा तीसरा रजत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 3 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। टूर्नामेंट में शहर की पंचसितारा होटलों की 12 टीमें प्रतिभाग करेंगी। 20 अप्रैल तक होने वाला टूर्नामेंट फतेहाबाद रोड स्थित टीसा खेल मैदान में होगा। मंगलवार को होटल क्लार्क्स शिराज में ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के माध्यम से हर वर्ष टूरिज्म गिल्ड के साथी रजत भाकरी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह सभी होटलों को एक मंच पर एक साथ लाने और खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास है ।



टूरिज्म गिल्ड ऑफ आगरा के अध्यक्ष राजीव सक्सेना ने बताया कि टूर्नामेंट में ग्रुप ए में ताज व्यू, कोर्टयार्ड बाय मैरियट, सरोवर पोर्टिको, ग्रुप बी में ट्रिडेंट होटल, हॉलिडे इन, जेपी पैलेस होटल, ग्रुप सी में ताज होटल्स एंड कन्वेंशन सेंटर, आईटीसी मुगल, क्लार्क्स शीराज और ग्रुप डी में ग्रैंड मक्यौर, डबल ट्री बाय हिल्टन, द ओबेरॉय अमरविलास की टीमें प्रतिभाग करेंगी। पहला मैच 3 अप्रैल को ताज व्यू बनाम कोर्टयार्ड बाय मेरियट के मध्य होगा। संयोजक मनप्रीत छब्बा ने बताया कि बताया कि सुबह 6 से 10 बजे तक टीसा के मैदान पर चौके छक्कों की बरसात होगी। 15-15 ओवर के लीग मैच में 1 से 4 ओवर तक पावर प्ले रहेगा। सेमीफाइनल और फाइनल मैच 20-20 ओवर के होंगे। 20 अप्रैल को फाइनल के विजेता को रजत मेमोरियल ट्रॉफी और उपविजेता को रनर अप ट्रॉफी दी जाएगी। संचालन क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष रिनेश मित्तल ने किया। इस अवसर पर सचिव राजेश शर्मा, उपाध्यक्ष अमूल्य कक्कड़, अनुराग शर्मा, अरुण डंग, हरी सुकुमार, रजनी नायर, युवराज नेगी, संजय कालरा, सौरभ खन्ना, रिचा बंसल, रोहित कुकरेजा, सुधीर नारायण, अमरेन्द्र कर्ण सिद्धार्थ कालरा, राहुल, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

## बुधवार, 02 अप्रैल राशिफल

मेष राशि के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। बीमार चल रहे जातकों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। और आप अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। दांपत्य जीवन आज आपका अच्छा रहेगा। परिवार में कोई खुशी का माहौल रहेगा, कोई अच्छी खबर मिलेगी। नौकरी में काम सुचारू चलेगा और कुछ नए अवसर पाएंगे।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन काम और कमाई के लिहाज से बहुत ही अच्छा है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में नई पहचान मिलेगी, संपर्क का दायरा भी बढ़ेगा। आज आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी। आपको अपनी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

आज बुधवार का दिन बुध की राशि मिथुन वालों के लिए अच्छा है। आज आप अपने काम को समय पर पूरा करने के लिए तत्पर रहेंगे और आपको इसके अच्छे परिणाम भी प्राप्त होंगे। दांपत्य जीवन के लिए दिन सामान्य रहेगा। आपको कोई आनंदित करने वाली खबर भी मिलेगी।

कर्क राशि के लिए आज का दिन कुछ नया करने का रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में और कार्यशैली में कुछ बदलाव ला सकते हैं। आप अपने बजट को संतुलित रखने के लिए खर्च को कंट्रोल करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए भी आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा।

सिंह राशि के जातकों को आज कार्यक्षेत्र में सतर्क होकर अपना काम करना चाहिए क्योंकि आपके विरोधी और शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। वैसे आज का दिन कामकाज के लिहाज से अच्छा है। आपको अपनी योग्यता और प्रतिभा दिखाने का भी मौका मिलेगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन अच्छा रहेगा। आपका अपने जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध और तालमेल बना रहेगा। आज व्यवसाय में लाभ और उन्नति होगी। आपकी कई योजनाएं सफल होंगी, इससे आपको खुशी मिलेगी।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन खर्चीला रहेगा। लेकिन कमाई बनी रहेगी जिससे खर्च की बहुत परवाह नहीं करेंगे। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव और अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। वैसे आपको आज दोस्तों से सहयोग मिलेगा। कामकाज के लेकर यात्रा का संयोग भी बनेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन रोमांटिक रहेगा। लव लाइफ में आपसी प्रेम और तालमेल बना रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दिन सामान्य रहेगा, अपना काम पर समय पर पूरा कर पाएंगे। नौकरी में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं तो इसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार और समाज में आपके काम को महत्व दिया जाएगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन अच्छा है। आपको परिवार का पूरा साथ सहयोग मिलेगा। दांपत्य जीवन में अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे और आप जीवनसाथी को शॉपिंग के लिए भी ले जा सकते हैं। माता से कोई लाभ मिल सकता है। आपकी योजना सफल होने से आपको आज खुशी मिलेगी।

मकर राशि के लोगों के लिए कल बुधवार का दिन अनुकूल रहेगा। व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा सफल रहेगी। आपको अपने खर्च पर कंट्रोल करने की जरूरत है। किसी नवीन कार्य योजना के सफल होने से आप मन ही मन प्रसन्न रहेंगे। लव लाइफ में प्रेम बना रहेगा और परिवार से सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि के जातको आज परिवार में खुशियां मिलने वाली है। कार्यस्थल पर आपकी स्थिति अच्छी रहेगी। आपको सहकर्मियों और सहयोगियों से सहयोग मिलेगा। आप अगर आज दीर्घकालीन निवेश करते हैं तो यह भी आपके लिए लाभदायक होगा। लव लाइफ में आज आपसी प्रेम और तालमेल बना रहेगा।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा है। आप मानसिक रूप से मजबूत और सकारात्मक रहेंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कोई बड़ी इच्छा पूरी होगी जिससे मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन सलाह है कि आज आप जोखिमपूर्ण एवं जोखिम भरे कार्यों से बचें।

# वंदे मातरम, जयहिंद के जयघोषों से गूंजा शहीद स्मारक

## अठखेलियां करते फव्वारों ने मोहा सभी का मन





■ लाइट एंड साउंड शो का हुआ विधिवत शुभारंभ

एनएनआई

**आगरा।** अंधेरे को चीरती हुई रंग-बिरंगी लाइटों के साथ जब क्रांतिकारियों की गाथा शहीद स्मारक को स्तंभ पर चलचित्र की तरह प्रदर्शित होने लगी तो सभी हतप्रभ से रह गए। पूरा परिसर वंदेमातरम और जयहिंद के उद्घोषों से गूंज उठा। संजय प्लेस के शहीद स्मारक का सौंदर्यीकरण आगरा विकास प्राधिकरण ने कराया है। यहां आजादी के सपूतों की शौर्य गाथा प्रदर्शित करने वाला लाइट एंड साउंड शो शुरू कर दिया गया। शो का शुभारंभ मंगलवार को विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, एडीए उपाध्यक्ष एम. अरुन्मोली ने संयुक्त रूप से किया। सभी ने शो को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणाप्रद बताया। शो की स्क्रिप्ट वरिष्ठ पत्रकार आदर्श नंदन गुप्ता ने लिखी है। संजय प्लेस में पहले जिला कारागार था, जिसमें क्रांतिकारियों को अमानुषिक यातनाएं दी जाती थीं। इसमें जिन प्रमुख देशभक्तों ने बंदी जीवन जीया, उनका उल्लेख किया गया है। देश के तमाम देशभक्तों के जौहरशाली आंदोलनों की जानकारी भी दी गई है। आगरा के क्रांतिकारी आंदोलन और सत्याग्रह संग्राम, उनके शहीदों का भी उल्लेख इस शो में किया गया है। 20 मिनट के इस शो में स्वाधीनता आंदोलन की झलक दिखाई गई है। शो के बाद में शहीद स्मारक परिसर में बनाए म्यूजिकल रंगीन फव्वारों का सभी ने लुत्फ लिया। देशभक्ति के गीतों की धुनों पर अठखेलियां करती जलधारा ने सभी में देशभक्ति का संचार किया। शुभारंभ के मौके पर नेशनल चैंबर की पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, आईफा के डायरेक्टर सचिन सारस्वत, स्वाधीनता सेनानी राधामोहन गोकुल के प्रपौत्र प्रकाशचंद अग्रवाल, स्वाधीनता सेनानी बौहरे गौरीशंकर गर्ग के पुत्र राजकुमार गर्ग, क्रांतिकारी वासुदेव गुप्ता के पौत्र राजीव अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, स्वाधीनता सेनानी रोशनलाल गुप्त करुणेश की पुत्रवधु आदीपिका व पुत्र शरद गुप्ता मौजूद रहे।

# आज से जुटेंगे फुटिवयर के दिग्गज, तकनीक से होंगे रूबरू

## दो दिन चलेगी फुटिवयर कंपोनेंट प्रदर्शनी




एनएनआई

**आगरा।** इंडियन फुटवियर कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इफकोमा) की ओर से फुटवियर कंपोनेंट एग्जीबिशन 'शू टेक' का दो दिवसीय आयोजन 02 और 03 अप्रैल को होटल मधु रिसॉर्ट्स में किया जा रहा है। मंगलवार को संजय प्लेस स्थित एक होटल में आयोजकों ने इस बारे में जानकारी दी। एफमेक के अध्यक्ष पूरन डावर ने बताया कि प्रदर्शनी में 60 एग्जिबिटर भाग ले रहे हैं। इसमें स्टॉल्स पर फुटविवर के सभी 32 प्रकार के कंपोनेंट्स और सहायक उपकरण की नवीनतम तकनीक और डिजाइन का प्रदर्शन होगा। उद्घाटन सत्र के मौके पर इंडियन फुटवियर साइजिंग सिस्टम पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता को एफमेक उपाध्यक्ष राजेश सहगल, गोपाल गुप्ता, महासचिव राजीव वासन, ओपेंदर सिंह लवली, विजय सामा, धर्मेंद्र नरूला, मंजू मान, संजय गुप्ता, दीपक मनचंदा ने भी संबोधित किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन बुधवार को सुबह एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर करेंगे।

## जिसने मन को जीत लिया वही सुखी : पूर्णमति माताजी

आगरा (एनएनआई)। आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्य आर्यिका पूर्णमति माताजी ने निर्मल सदन में कहा कि धर्म को रुचि पूर्वक अंतर मन से नहीं करेंगे तब तक आत्मा पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। गुरु मां ने कहा मूवी देखकर फिल्म देखकर हीरो बनने की



कोशिश करने की बजाय देव को देखकर उनकी स्टाइल सीख लेते तो तर जाते। गुरु मां ने कहा बड़ा होना कोई बड़ी बात नहीं महान होना बड़ी बात है। हर आत्मा महान है हर व्यक्ति महान है। गुरु मां ने कहा कोई हमें गाली दे और हमको उसका असर ना हो यह है शूरवीरता। गुरु मां ने कहा आज के युग में जिस व्यक्ति के पास जितना ज्यादा धन होगा वह उतना ही बड़ा कबाड़ी है, जिसकी जितनी ज्यादा इच्छाएं उतना ही बड़ा वह भिखारी है। इसलिए पैसा इकट्ठा करने से पहले अपनी इच्छाएं कम करें। जिसने मन को जीत लिया वह सुखी है। मीडिया प्रभारी दिलीप जैन के अनुसार 3 अप्रैल को आर्यका पूर्णमति माताजी के सानिध्य में निर्मल सदन में माहअर्चना होगी। उपस्थित श्रद्धालु मनोज कुमार जैन, मुरारी लाल जैन, निर्मल मोढया, राजेश जैन, अमित जैन अशोक जैन, अनिल फौजी आदि उपस्थित रहे। संचालन सत्येंद्र जैन ने किया।

## आगरा और उद्योगों के विकास पर होगा फोकसः संजय गोयल

### चैंबर के नए पदाधिकारियों ने संभाला पदभार




आगरा (एनएनआई)। नेशनल चैम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण किया। संजय गोयल ने अध्यक्ष पद, संजय कुमार गोयल और विवेक जैन ने उपाध्यक्ष पद तथा संजय अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर कार्यालय में विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। पूर्व अध्यक्षों और अन्य सदस्यों ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। अध्यक्ष संजय गोयल और उनकी टीम ने आश्वासन दिया कि वे अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के साथ-साथ आगरा और उद्योगों के विकास पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि वे पूर्ण निष्ठा और सबको साथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। संचालन पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष के के पालीवाल, शान्ति स्वरुप गोयल, सीताराम अग्रवाल, प्रेम सागर अग्रवाल, योगेन्द्र कुमार सिंघल, राजीव गुप्ता, अमर मित्तल, अनिल वर्मा, महेन्द्र कुमार सिंघल, भुवेश अग्रवाल, नरेन्द्र सिंह, श्रीकिशन गोयल, राजीव तिवारी, शलभ शर्मा, अतुल कुमार गुप्ता, सदस्यों में अम्बा प्रसाद गर्ग, मनोज कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, राजकुमार भगत, दिनेश कुमार जैन, विनय मित्तल, सतीष अग्रवाल, अमित जैन, सचिन सारस्वत, मयंक मित्तल, एक्मा एवं न्यू मार्केट एसोसिएशन्स के सदस्यों ने नई टीम का स्वागत एवं सम्मान किया।

